‘सक्रिय उद्यमी सदी के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन’

वित्तराज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने दीक्षार्थियों को दिए पांच मंत्र

ईडीआई का 18वां दीक्षांत समारोह

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

अहमदाबाद. देश के वित्त राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि गतिशील और सक्रिय उद्यमी 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन और खजाना हैं। आज उद्यमिता ने उन सभी मिथकों और बंदिशों को तोड़ दिया है, जिसमें उद्यमिता को सिर्फ धन्ना शेठ और अमीरों व व्यापारिक परिवार का ही विशेषाधिकार माना जाता था।

वह शनिवार को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई) के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दीक्षार्थी विद्यार्थियों को सफलता के पांच मंत्र भी सुझाए। पहला ये कि कभी इनोवेशन करना मत छोडो, समस्याओं का हल खोजते रहो, कार्यबल की हमेशा कद्र करो, गणनात्मक रिस्क लेने से पीछे मत हटो, अति आत्मविश्वासी मत बनो। समारोह में 98 विद्यार्थियों को पीजीडीएम बीई और पीजीडीएम-डेवलपमेंट स्टडीज स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ.सुनील शुक्ला ने संस्थान की वार्षिक गतिविधि और आगामी लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी। आईडीबीआई बैंक के एमडी व सीईओ एम.के.जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।